Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# लाखी राम जोशी भाजपा से निलम्बित, नोटिस जारी

कार्रवाई

## प्रधानमंत्री को पत्र लिखे जाने के बाद भाजपा से हुए निलंबित

**संवाददाता**

देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बंशी धर भगत ने पूर्व भाजपा विधायक व मंत्री रहे लाखी राम जोशी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है।

यहां जारी एक बयान में कहा गया कि साथ ही लाखीराम जोशी को उनके द्वारा लिखे गए एक पत्र के सम्बंध में की गई है। इस कार्यवाही के अंतर्गत उन्हें नोटिस दे कर उन्हें सात दिन में उत्तर देने के लिए भी कहा गया है। उत्तर न मिलने अथवा उनका उत्तर संतोषजनक न पाए जाने पर उन्हें पार्टी से निकाला भी जा सकता है।

वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे लाखीराम जोशी ने कहा है कि वह वह किसी भी दशा में पार्टी पर दाग नहीं लगने देंगें और प्रदेश व राज्य हित में जो भी होगा उसे करते रहेंगें। उन्होंने कहा कि फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा जायेगा। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत को हटाये जाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था जिसके बाद भाजपा ने उन्हें निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने बौखलाहट में यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वह घर पर बैठे है और उन्हें निलंबित कैसे किया जा सकता है।

यहां फोन पर बातचीत करते हुए पूर्व भाजपा विधायक व मंत्री रहे लाखी राम जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुखिया त्रिवेन्द्र सिंह रावत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है और हाईकोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए सीबीआई जांच करने के आदेश दिये है और हाईकोर्ट ने विषय की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री की सीबीआई से जांच करने के लिए आदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन भी भ्रष्टाचार मुक्त का है तो प्रदेश के मुखिया पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और हाईकोर्ट ने भी इसका संज्ञान लिया है और इस मामले की सीबीआई से जांच कराये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन किया जाना चाहिए और राज्य व देश हित में जो भी उन्हें करना पडेगा वह करेंगें। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के स्तंभ रहे है और पार्टी को मजबूत करने का काम किया है और उन्हें निलंबित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि हालांकि उन्हें निलंबन की कोई जानकारी नहीं है लेकिन जो भी किया गया वह दवाब में किया गया है। उन्होंने कहा कि वह संघ पृष्ठभूमि से है और वह गलत काम करने वालों के खिलाफ हर समय मोर्चा खोलते रहेंगें। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व अन्य किसी राजनेता ने उनसे किसी भी प्रकार की कोई बातचीत नहीं की है और उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि पार्टी में किसी भी प्रकार का कोई दाग लगे वह बर्दाश्त नहीं करेंगें। उन्होंने कहा कि अब इस मामले में आर पार की जंग लड़ी जायेगी। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है कि किसी मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है।

### मैंने सत्य बात को लेकर पीएम को लिखा पत्रः लखीराम जोशी



टिहरी के पूर्व विधायक लाखीराम जोशी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र ने सियासी हलचल मचा दी है। पत्र लिखने के कारण भाजपा प्रदेश संगठन ने लखीराम जोशी को निलंबित करने के मामले में पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह किसी का निष्कासन नहीं किया जा सकता। व्यवस्था के अनुसार पहले नोटिस देना पड़ता है। उसके बाद ही निष्कासन होता है। मैंने सत्य बात को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा था।

## न्यूज डायरी

### विधायक ने दिये नागराज मंदिर समिती को 11 लाख


**संवाददाता** पुरोला। क्षेत्रिय विधायक राजकुमार ने विधायक निधि से नागराज मंदिर समिति को 11लाख दिये। गुरुवार को विधायक राजकुमार ने पुरोला पंहुचकर नागराज मंदिर मे हो रहे मंदिर निमाण् की जानकारी ली जिसमे मंदिर समिति के लोगो ने विधायक राजकुमार से मंदिर निमारण हेतु धनराशी की मांग की जिस पर विधायक ने अपने विधायक निधि से 11लाख दिये। विधायक राजकुमार ने कहा कि नागराज मंदिर पुरोला मे बवय बने इसके लिये भर सक प्रयाश किये जायेगें। मंदिर निमारण् मे किसी भी प्रकार की धन की कमी नही आने दी जायेगी। जो भी मेरे लायख सेवा होगी उसे मै पूरा करुंगा। इस अवसर पर शिब प्रसाद नौटियाल,बृजमोहन सजवाण,शोभाराम नौडियाल,उपेदंर असवाल,जगवीर रावत,गोपाल चौहान,टीकाराम नोडियाल,दिनेश चोहान,जयदंर रावत,प्रकाश डबराल,कमलाराम,राजेश भंडारी आदि लोग मौजूद थे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का अभ्यास वर्ग सम्पन

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला यमुनाघाटी का अभ्यास वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर में सम्पन्न हुआ अभ्यास वर्ग में टिहरी विभाग संगठन मन्त्री प्रवीन असवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी कल्याण चौहान राज्य विश्ववविद्यालय प्रमुख अमित धनेला जिला संयोजक राकेश नेगी ने अभ्यास वर्ग को सम्बोधित किया अभ्यास वर्ग में नई कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें नगर अध्यक्ष परमेश जोशी नगर मंत्री शुभम बिजल्वाण कालेज अध्यक्ष रितेश पंवार कालेज मंत्री नीलम पंवार जिला एस एफ डी प्रमुख महादेव रावत जिला सोशल मीडिया प्रभारी पुष्कर राणा जिला सह मीडिया प्रभारी विशाल रावत को बनाया गया।

### धनतेरस की खरीदारी को बाजारों में उमड़ी भीड़

**संवाददाता** पुरोला। धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़ को देख व्यापारियों के चेहरो पर रौनक लौट आयी। शुक्रवार को धनतेरस की खरीदारी करने को क्षेत्र के आस पास के ग्रामीण कोविड के डर को दर किनार करते हुए उत्साह के साथ बाजार पहुंचे खरीदारी करने आये ग्रामीणों को देख कर व्यापारियों के चेहरे खिल उठे स्थानीय व्यापारी रामचंद्र पंवार,जयेंद्र रावत,काकू शर्मा,सोवन रावत,सरत पंवार ने बताया कि कोविड 19 के चलते पिछले कुछ महीने बहुत ही मंदी के रहे इस दौरान परिवार का भरण पोषण करना भी मुश्किल हो गया था पर अब दीपावली कक त्योहार आते ही लोग अच्छी तादाद में बाजार आकर खरीदारी कर रहे है जिससे की व्यापार में कुछ इजाफा हुआ है।



### नहीं हो पा रही है काबू में जंगल में लगी आग

**संवाददाता** पुरोला। पुरोला स्थित गोविंद पशु विहार व टौंस वन प्रभाग आवासीय कालोनी में पंहुची जंगल की आग। आग की बिकरालता को देख वन कर्मचारी जुटे आग बुझाने।

## धनतेरस पर लोगों ने जमकर की खरीददारी

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले में शुक्रवार को धनतेरस को लेकर खासा भीड़–भाड़ देखने को मिली। बता दें कि जिले में ग्रमीण व स्थानीय लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। जिले में कारोना संक्रमण के चलते भी लोगों ने मुख्यालय के बाजारों में आकर जमकर खरीददारी की। इस बार जिले में लोगों द्वारा इलेक्ट्रानिक सामग्रि के साथ बर्तन रेडीमेड सामग्रि व पूजा पाठ के सामान की जमकर खरीददारी की। जिले में शुक्रवार दोपहर एक बजे से लेकर रात्रि नौ बजे तक जमकर खरीददारी की। वही लोगों ने दीप पर्व को लेकर आतिशबाजी व दीये की भी खरीददारी की। इस बार जिले में चाइनीज सामग्रि का क्रेज कम ही देखने को मिला।

लोगों ने दीपावली को लेकर कपडे , इलेक्ट्रानिक सामग्रि कपडे पूजा पाठ की सामग्रि की काफी खरीददारी करते हुए लोग देखे गये। जिले में स्थानीय लोगों व ग्रमीण इलाकों से ओ लोगों की काफी चहल पहल देखने को मिली। वही इस बार आतिशबाजी का सामान के लिए देवसिह मैदान जाकर अपने बच्चों के लिए आतिशबाजी का सामान खरीदने पहुंचे। वही जिले में लोगों को धनतेरस पर खासा तादात में खरीददारी करते दुकानों के आगे देखा गया।



बजारों में दोपहर के एक बजे से लेकर रात नौ बजे तक खरीददारी करते दिखे लोग

## स्मार्ट सिटी कार्यों में अनियमिताओं पर यूकेडी ने किया धरना प्रदर्शन

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून शहर के अंतर्गत स्मार्ट सिटी कार्यों में अनियोजितता एवं अनियमिताओं के खिलाफ उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर धरना दिया और प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए जांच कराये जाने की मांग की है।

कार्यकर्ता घंटाघर स्थित पर्वतीय गांधी इन्द्रमणि बडोनी की प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठे और इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देहरादून शहर में स्मार्ट सिटी के नाम पर निर्माणदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्यो को अनियोजित ढंग से अंजाम दिया जा रहा है। पूरे



शहर की सड़कें खोद दी गयी है। जिससे सीवर व पेयजल आपूर्ति को नुकसान पहुँचने के कारण आमजन की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। वक्ताओं ने कहा कि त्योहारों के समय बाजारों की खरीददारी में ग्राहकों के साथ दुकानदारों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर क्या कार्य किया जाना है या फिर किस तरीके से किया जाना है। कितना धन योजना के लिये आवंटित हुआ है, यह स्पष्ट योजना के सीईओ अभी तक स्पष्ट नहीं कर पाएं। कही स्मार्ट सिटी के नाम पर एक नया भ्रष्टाचार न हो इसका अंदेशा है। इस अवसर पर राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट सिटी योजना के अंर्तगत क्या क्या कार्य किये जाने है, योजना के मुखिया पूर्ण विवरण सार्वजनिक करें।

ज्ञापन में कहा गया है कि स्मार्ट सिटी के कार्यो के नाम एक नया भष्ट्राचार हो जिसका अंदेशा है, योजना के मुखिया कार्यो में पारदर्शिता बरतते हुये एक एक कार्यो से संबंधित तथ्यों एवं योजना को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करते रहे।

### दीपावली पर की गरीब बच्चों की मदद की कोशिश

**संवाददाता** देहरादून। समाजसेवी आशीष बहुगुणा ने कहा है कि इस वर्ष भी दीपावली में कुछ गरीब बच्चों की मदद करने की कोशिश की हालांकि मेरी खुद की आर्थिक स्थिति कुछ सही नहीं है पर मुझसे जो संभव हो सकता है वह करते रहेंगें। उन्होंने कहा कि आज ऋषिकेश में कुछ बच्चों की मदद करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ मित्रों त्यौहार पर किसी जरूरतमंद की आंखों में चमक आ जाए और वह मुस्कुरा दे तो मेरे दिल को सुकून मिल जाता है। उन्होंने कहा कि आज ज्यादा तो नहीं पर 3,4 गरीब बच्चों की मदद की है ताकि उनके घर में भी दीया जल सके और इस पोस्ट को डालने का सिर्फ छोटा सा उद्देश्य है कि आप भी किसी की मुस्कान बन सकते हैं जहां पर मौका मिले एक दूसरे की मदद करते रहें आप मेरी यह जो पोस्ट देख रहे हैं यह बहुत ही इंटरेस्टिंग है देखिए इस बच्चे को 15 से 20 दीए और दो चार पटाखे बेचकर इसके घर का दीया जलेगा।